प्रेस नोट **31/03/2024**

02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से 02 तमन्चा व कारतूस, चोरी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल तथा चोरी के रुपये बरामद-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुहम्मदाबाद पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब आज दिनांक 31.03.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर वलीदपुर मोड़ के पास से अभियुक्तगण नन्दन पुत्र शिव प्रसाद निवासी भदीड़, मोहम्मद आबिद पुत्र शम्सुद्दीन निवासी नाजोपट्टी थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ के कब्जे से मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस (UP54AU7458), 02 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी के 1500 रुपये बरामद किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 83/24,84/24 धारा 379,411,3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया तथा बरामद मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. नन्दन पुत्र शिव प्रसाद निवासी भदीड़, थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
2. मोहम्मद आबिद पुत्र शम्सुद्दीन निवासी नाजोपट्टी थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।

बरामदगी-

1. चोरी की 1500 रुपये।
2. 02 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर।
3. 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस (UP54AU7458)।

जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 31.03.2024 सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में पूरे जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रहा रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त।

एक वांछित 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

आज दिनांक 31.03.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर रोडवेज सहादतपुरा के पास से मु0अ0सं0 75/24 धारा 363,366,376 भादवि व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त आदित्य राजभर उर्फ चन्दन पुत्र जनार्दन राजभर निवासी डोडापुर थाना युसुफपुर मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर व कोतवाली पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण अमित सिंह श्रीवास्तव पुत्र जीवन सिंह श्रीवास्तव निवासी अलहदादपुर, मनोज सिंह पुत्र राधाकृष्ण सिंह निवासी सहादतपुरा नई बस्ती तथा थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा श्रीराम पुत्र सूरत निवासी रजनापुर थाना हलधरपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।